तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

अवैध अतिक्रमण एवं बेतरतीब निर्माण शहर में जल भराव का मुख्य कारण

4



बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल

डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें

7400009183

## खबर संक्षेप

### आज आएंगे केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह



**अम्बिकापुर।** भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन प्रशिक्षण विधायक, सांसदों को प्रशिक्षण देने के लिए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सरगुजा आएंगे। जारी प्रोटोकॉल के तहत केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान 8 जुलाई की सुबह 6.55 बजे दिल्ली से विशेष विमान से रायपुर के लिए रवाना होंगे और 8.45 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान 9 बजे विशेष विमान से ही अंबिकापुर के लिए उड़ान भरेंगे और 9.45 बजे दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वे सड़क मार्ग से मैनपाट के लिए रवाना होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान 11 से 12 बजे तक एक घंटे के शेषन में विधायक, सांसदों को प्रशिक्षण देंगे और उसके बाद 12 से 12.30 बजे तक विश्राम करने के बाद दोपहर में 1.30 बजे सड़क मार्ग से एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और दोपहर 2 बजे विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

### रेणुकूट रेल विस्तार को लेकर समिति की पदयात्रा आज

**अम्बिकापुर।** अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल विस्तार की मांग को लेकर सरगुजा क्षेत्र रेल संघर्ष समिति मंगलवार की सुबह 10.30 बजे पदयात्रा निकाल कर रेल मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगी। समिति के मुकेश तिवारी ने बताया कि अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल विस्तार की मांग लेकर समिति के सदस्य लंबे समय से प्रयत्नशील है। मांग के समर्थन में विधानसभा में सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर केन्द्र शासन को भेजा गया है। ननि द्वारा भी प्रस्तावित रेल मार्ग के समर्थन में संकल्प परित किया गया है। यह रेल मार्ग सरगुजा संभाग के लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं रेलवे के लिए लाभदायक है। मांग के समर्थन में मंगलवार को सुबह 10 बजे महामाया चौक से घड़ी चौक तक पदयात्रा निकाल कर रेल मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पदयात्रा में शहर के सभी समाज के लोग शामिल होंगे।

### उपचार के अभाव में सर्पदंश पीड़ित मासूम की मौत



**वाड्रफनगर।** सर्पदंश पीड़ित रघुनाथ नगर के निवासी पण्डो समाज के मासूम साजन आ. रामबली पण्डो की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के अनुपस्थित रहने पर मासूम को शासकीय वाहन से डॉक्टर के निजी क्लिनिक भेजा गया। परिजनों के अनुसार अस्पताल पहुंचने पर कर्मचारियों ने डॉक्टर के अस्पताल में मौजूद नहीं होने का हवाला देकर बच्चे को इलाज के लिए डॉक्टर के निजी क्लिनिक में भेज दिया। दो घंटे तक मासूम बिना इलाज के तड़पता रहा। क्लिनिक में हालत बिगड़ती देख डॉक्टर ने उसे फिर से अस्पताल भेज दिया, जहां इंजेक्शन लगते के बाद मासूम ने दम तोड़ दिया। परिजन ने आरोप लगाया कि समय पर इलाज मिला होता तो मासूम की जान बच सकती थी। शासकीय अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर की लापरवाही और निजी क्लिनिक में बैठकर इलाज करने से ग्रामीण आक्रोशित है तथा दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग की है।



ध्वजारोहण करते राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री व अन्य।




कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन करते हुए अतिथि।



अभिवादन करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ध्वजारोहण पश्चात दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

# मैनपाट में भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सोमवार से शुरू हो गया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया। फेंदेलिंग कम्युनिटी हाल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग के दौरान प्रदेश सरकार के सभी विधायक, सांसद एक ही छत के नीचे मौजूद रहे। बंद कमरे में हुए इस शिविर के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष का बेहद सारगर्भित मार्गदर्शन विभिन्न विषयों पर मिला। लगभग दो घंटे तक मैनपाट में मौजूद रहने के बाद श्री नड्डा दिल्ली के लिए रवाना हुए।

**खास बात**

- 9 जुलाई तक मैनपाट में मौजूद रहेगी पूरी सरकार

भाजपा के 7 से 9 जुलाई तक चलने वाले तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन सोमवार को हुआ। पहले दिन के प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, भाजपा के सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, छत्तीसगढ़ प्रभारी नीतिन नवीन, वरिष्ठ आदिवासी नेता रामविचार नेताम, छत्तीसगढ़ के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, अजय चन्द्राकर जैसे कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने सबसे पहले एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कल्प वृक्ष का पौधरोपण किया। पौधरोपण के बाद उन्होंने भाजपा का ध्वज फहराकर प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया। इसके साथ ही दीप प्रज्वलित कर इसकी औपचारिक शुरुवात की। श्री नड्डा ने बंद कमरे में भाजपा के सभी विधायकों और सांसदों को सारगर्भित उद्बोधन दिया और उन्हें केंद्र और प्रदेश सरकार की कार्य योजनाओं, कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन दिया। लगभग एक घंटे तक श्री नड्डा सभी विधायक, मंत्रियों और सांसदों के बीच रुके।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते जेपी नड्डा।



राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ से स्वागत करते केबिनेट मंत्री केदार कश्यप।



### मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं

भाजपा का यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है और यही वजह है कि प्रशिक्षण वर्ग के दौरान गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान बंद कमरे के अन्दर हुई बातें बाहर ना सके इसे लेकर विशेष ध्यान रखा गया है। प्रशिक्षण वर्ग में विधायक, सांसदों के अलावा सिर्फ कुछ चुनिन्दा लोगों को ही अन्दर जाने की अनुमति है। इस दौरान गोपनीयता का ख्याल रखते हुए किसी को भी कक्ष के अंदर मोबाइल फोन लेकर जाने की अनुमति नहीं दी गई है। उद्घाटन सत्र में मीडिया को भी सिर्फ पांच मिनट के लिए प्रवेश की अनुमति दी गई थी जबकि सभी विधायक, मंत्री और सांसदों के मोबाइल फोन बाहर ही जमा करा लिए गए थे। इसके लिए कक्ष के बाहर ही एक काउन्टर बनाया गया था जहां उनके मोबाइल फोन रखवाए गए थे।




### पहले दिन 53 विधायक रहे मौजूद

प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश के सभी विधायक और सांसदों की उपस्थिति तीन दिनों तक अनिवार्य है। इस प्रशिक्षण वर्ग में सभी 10 सांसद शामिल हुए जबकि विधायकों की संख्या 53 ही थी। बताया जा रहा है कि महासमुंद विधायक राजू सिंह स्वास्थ्यगत कारणों से प्रशिक्षण सत्र में शामिल नहीं हो रहे हैं जबकि विधायक लता उसेंडी 8 जुलाई को प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होंगी।

#### पहले दिन हुए तीन सत्र

भाजपा के विधायक, सांसदों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के पहले दिन तीन सत्र हुए। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने प्रशिक्षण वर्ग की प्रस्तावना व भूमिका की जानकारी दी। वहीं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी को सम्बोधित किया। इसक बाद पहले सत्र में वैश्विक जगत में भाजपा का बढ़ता प्रभाव विषय, दूसरे सत्र में हमारी कार्य पद्दति और तीसरे सत्र में निर्वाचन क्षेत्र प्रबन्धन-नवाचार व चुनौतियों, सदन में हमारी भूमिका विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। इसी तरह 8 जुलाई दो प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन कुल सात सत्र होंगे।

#### किया गया पारम्परिक तरीके से स्वागत

मैनपाट में प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा का पारम्परिक तरीके से स्वागत किया गया। मैनपाट के तिब्बती शरणार्थियों ने भी उनका स्वागत किया। इस दौरान भाजपा सरकार के मंत्री, सांसद के साथ ही वरिष्ठ विधायक भी उनके स्वागत के लिए मौजूद रहे।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के उदघाटन में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रशिक्षण स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में भाजपा के देशभर में चरणबद्ध विस्तार से लेकर संगठन के नेताओं की तस्वीरें लगाई गई थी। इसके साथ ही वीडियो के माध्यम से संगठन की यात्रा और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताने का प्रयास किया गया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा व अन्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और इसकी जमकर सराहना की। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष राजा पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, महापौर मंजूष भगत, वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश सोनी, हरपाल भामरा, अम्बिकेश केशरी, तजिंदर बग्गा सहित बड़ी संख्या में भाजपा के विधायक, सांसद मोजूद थे।

#### डॉ. रमन नहीं हुए शामिल

भाजपा के इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सरकार के सभी विधायक और सांसदों की उपस्थिति अनिवार्य थी। ऐसे में पूरी सरकार एक ही स्थान पर तीन दिनों के लिए मौजूद रहेगी लेकिन इस प्रशिक्षण वर्ग से प्रदेश के कद्दावर नेता डॉ. रमन सिंह ने दूरी बनाई है। इसका मुख्य कारण यही है कि वर्तमान में डॉ. रमन सिंह के विधानसभा के अध्यक्ष हैं और विस अध्यक्ष का पद संवैधानिक होता है इसलिए वे इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल नहीं हुए।

### हमारी कार्यपद्धति और योजना का महत्वपूर्ण अंग : किरण

प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विधायक और सांसदों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में हुआ। यह हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। प्रशिक्षण सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा का सारगर्भित मार्गदर्शन विभिन्न विषयों को लेकर हुआ है। यह उद्घाटन सत्र था और विषय की बाध्यताओं से आगे चलकर संगठन कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, सांसद, विधायकों की दृष्टि से सरकार की योजनाएं, कार्यक्रम को लेकर समग्र मार्गदर्शन दिया गया है। भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग चाहे वो संगठनात्मक दृष्टि से हो या फिर जनप्रतिनिधियों, बूथ लेवल का हो या फिर प्रांत और जिले का हो यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह हमारे कार्य पद्धति और हमारी योजना का महत्वपूर्ण अंग है। समापन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मार्गदर्शन मिलेगा।



मां के नाम कल्प वृक्ष का पौध रोपण करते श्री नड्डा।

## शहर के पेयजल आपूर्ति में होता है उपयोग, कम पानी भरने से होती है समस्या

# 15 दिन बारिश से बांकी बांध में भरा 60 फीसदी पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले एक पखवाड़े से हो रही लगातार बारिश एवं शनिवार को हुई भारी बारिश से भले ही जनजीवन प्रभावित रहा लेकिन बारिश सिंचाई बांधों के लिए काफी अनुकूल साबित हुई है।

एक पखवाड़े में ही श्याम घुनघुट्टा बांध लबालब हो गया तथा बांध के पांच गेट खोलकर पानी बहाने की नौबत आ गई। पिछले 8-10 सालों से भीषण जल संकट से जूझ रहे बांकी जलाशय में 15 दिन में ही 60 फीसदी पानी भर गया है। तकिया फिल्टर प्लांट के माध्यम से लंबे अर्से से बांकी जलाशय के पानी का उपयोग पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। पिछले 8-10 सालों से बांध में आवश्यकता के अनुरूप पानी नहीं भर रहा था जिससे गर्मी के मौसम में शहर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो जाती थी। दो साल पूर्व गर्मी के दौरान बांध में मात्र 7 फीसदी पानी होने के कारण विपरीत स्थिति निर्मित हो गई थी। लंबे अर्से बाद पिछले साल बांध में 60 फीसदी पानी भरा था। इस बार प्रारंभ से ही अच्छी बारिश होने के कारण बांध में 60 फीसदी पानी भर गया है। जिससे विभाग के अधिकारी काफी उत्साहित है तथा इस बार बांध के लबालब होने की उम्मीद जता रहे है। पूर्व में बांध का पानी नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए भी उपलब्ध कराया जाता था लेकिन प्रभाव क्षेत्र के गांवों एवं शहरी क्षेत्र में घनी बसाहट होने के कारण अब सिंचाई के लिए पानी बंद कर दिया गया है तथा पूरे पानी को ननि क्षेत्र जल आपूर्ति के लिए आरक्षित किया गया है। सिंचाई के लिए बनी नहर अब कचरादान बन गई है। बारिश से जिले के कुंवरपुर सिंचाई बांध एवं बरनई बांध का जल स्तर भी बढ़ा है। बरनई बांध में क्षमता का 45 फीसदी एवं कुंवरपुर बांध में 43 फीसदी पानी भर गया है।

इस संबंध में कार्यपालन यंत्री एपी निरंजन ने बताया कि बांकी बांध में इस बार अच्छा जलभराव हुआ है तथा इस बार बांध के लबालब होने की उम्मीद है।



बांकी जलाशय।

### काला झंडा दिखाने जा रहे युकां कार्यकर्ता गिरफ्तार

- पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने दी अपनी प्रतिक्रिया

**सीतापुर।** मैनपाट में आयोजित भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के विरोध में काला झंडा दिखा विरोध प्रदर्शन करने जा रहे युकां नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विरोध प्रदर्शन के लिए मैनपाट जा रहे युकां नेताओं को नया बस स्टैंड से गिरफ्तार कर थाने में नजरबंद कर दिया। गिरफ्तारी के दौरान युकां नेताओं ने पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध किया और पुलिस के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस ने जिन युकां नेताओ को गिरफ्तार किया उनमें युकां विधानसभा अध्यक्ष आशीष गुप्ता मंटू, पार्षद अंकुर दास, पार्षद अनमोल लकड़ा, युकां प्रदेश सचिव राहुल गुप्ता, ऋषिराज सिंह शामिल है। सभी को पुलिस ने दो घंटे तक थाने में बैठाकर रखा और बाद में पुलिस ने समझाइश देते हुए रिहा कर दिया।

#### युवाओं से इतना डर समझ से परे : अमरजीत

भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान विरोध जताने जा रहे युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लेकर प्रदेश के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने अपनी प्रतिक्रया दी है। पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि भाजपा द्वारा आयोजित चिंतन शिविर से पहले सीतापुर क्षेत्र के युवक कांग्रेस के साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वे केवल उस क्षेत्र से संबंधित मांग पत्र को लेकर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनके मंत्रीमंडल के साथियों को ज्ञापन देना चाहते थे। युवाओं से इतना डर और खौफ सरकार को होना समझ से परे है, उन्हें मैनपाट नहीं पहुंचने दिया गया। सीतापुर से ही उठाकर उन्हें अज्ञात जगह पर ले जाया गया और परिजन को इसकी जानकारी नहीं दी गई। मै सीएम से आग्रह करता हूं कि आप सरगुजा संभाग से आते है और उस क्षेत्र के युवा आपसे अपेक्षा रखते है कि उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करेंगे न की उनकी आवाज को दबाएंगे। इस प्रकार की कार्रवाई से असंतोष बढ़ा है।

**खबर संक्षेप**

## बैंक शाखा का स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ



**मनेन्द्रगढ़।** बैंक ऑफ महाराष्ट की मनेन्द्रगढ़ शाखा का आज एनएच 43, नदीपार स्थित परिसर में भव्य शुभारंभ किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे, जिन्होंने विधिवत फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलन कर शाखा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, अंचल प्रबंधक वी. वेंकटेश एवं शाखा प्रबंधक राजेश राणा मंचासीन रहे।

## प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिग कल

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के द्वारा दिए गए निर्देश के अंतर्गत जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कौशल विकास योजना के तहत 32 राजमिस्त्री के हितग्राहियों एवं 17 असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के हितग्राहियों में कुल 49 हितग्राहियों के प्रशिक्षण के लिए अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसका प्रशिक्षण के लिए पूर्व में काउसिंलिग किया जाना है। काउसिंलिग 9 जुलाई को जनपद पंचायत सोनहत के सभा कक्ष में समय प्रातः 11 बजे सचिव/रोजगार सहायकों के माध्यम से आवेदकों को काउसिंलिग में उपस्थित कराने का आग्रह किया है।

## पीजी कॉलेज के प्राचार्य बने हिमधर

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रतापसिंहदेव स्नातकोत्तर



महाविद्यालय बैकुंठपुर के नए प्राचार्य के रुप में सोमवार को एमसी हिमधर ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात हरिभूमि से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कॉलेज को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक रूप से नई ऊचाइयों पर ले जाना उनकी प्राथमिकता रहेगी, इसके लिए सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का सहयोग आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ महाविद्यालय में अनुशासन, समयबद्धता और कार्यकुशलता सुनिश्चित की जाएगी। कॉलेज परिवार ने श्री हिमधर के प्राचार्य बनने पर हर्ष जताया और उनके नेतृत्व में संस्थान को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। विदित हो कि रोसेयो जिला संगठक श्री हिमधर शिक्षण क्षेत्र में एक अनुभवी और सक्रिय प्राध्यापक रहे हैं।

## साप्ताहिक बाजार में खड़ी बाइक चोरी

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के पोड़ी बचरा चौकी अंतर्गत ग्राम जिल्दा निवासी दीपक पिता छेदीलाल उम्र लगभग 28 वर्ष की मोटरसायकल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक अपने स्वामित्व की हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 16 सीपी 1054 से साप्ताहिक बाजार करने ग्राम पोड़ी (बचरा) आया था। उन्होंने अपनी बाइक को ग्रामवासी निरंजन सिंह के घर के पास खड़ा कर बाजार चला गया। शाम करीब 5 बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि उनकी बाइक मौके से गायब थी। बाइक का लॉक पहले से खराब था और लॉक नहीं किया गया था। आसपास क्षेत्र में काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। चोरी गई बाइक की कीमत लगभग 40 हजार रुपए ऑकी गई है। इस संबंध में पीड़ित द्वारा चौकी पोड़ी बचरा में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है। मामले में बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत कार्रवाई की गई है।

## एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए लगेंगे विशेष शिविर

**बैकुण्ठपुर।** जिला परिवहन विभाग के अधिकारी अनिल भगत ने बताया कि 1 अप्रैल 2019 के पहले पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत आमजन की सुविधा के लिए जिले में विशेष एचएसआरपी बुकिंग एवं फिटमेंट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

8 जुलाई को चरचा बस स्टैंड, 9 एवं 10 जुलाई को कलेक्ट्रेट परिसर, बैकुंठपुर, 11 एवं 12 जुलाई को अग्रहरि परिवहन सुविधा केन्द्र, पटना, 14 एवं 15 जुलाई को नगर पालिका परिषद, बैकुंठपुर, 16 एवं 17 जुलाई को जनपद पंचायत, बैकुंठपुर एवं 18 एवं 19 जुलाई को तहसील कार्यालय बैकुंठपुर में शिविर लगाई जाएगी। श्री भगत ने बताया कि वाहन मालिकों को एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए आवेदन करते समय आरसी कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर देना होगा।

### बेहतर इलाज के लिए भटकते हैं जरूरतमंद, शासन-प्रशासन से पहल की मांग

# वनांचल के अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, मरीज हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखंड अंतर्गत वनांचल क्षेत्रों में संचालित सरकारी अस्पतालों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। शासन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से अस्पताल भवनों का निर्माण तो करवा दिया गया है, लेकिन इनमें आवश्यक डॉक्टरों और संसाधनों की घोर कमी है। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है।

भरतपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कई दूरस्थ गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र केवल भवनों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। डॉक्टरों की पदस्थापना नहीं होने से मरीजों को इलाज के लिए कई किलोमीटर दूर जिला अस्पतालों या नगरीय क्षेत्रों का रुख करना पड़ता है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई बार समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की जान पर भी बन आती है। डॉक्टरों के अलावा नर्स, लैब टेक्नीशियन, दवाइयां और एंबुलेंस जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। विकासखंड मुख्यालय जनकपुर में स्थित इकलौते सामुदायिक




सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर।

स्वास्थ्य केन्द्र की हालात भी अच्छी नहीं है। यहां भी विशेषज्ञ चिकित्स्कों के साथ ही आधा दर्जन चिकित्सकों के पद रिक्त होने से क्षेत्र के लोगों को उपचार के लिए मध्यप्रदेश के शहडोल जिला अस्पताल तक 100 किमी का सफर करना पड़ता है। दोनों ही हालात में क्षेत्र के लोगों को आर्थिक व मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

वहीं अंचल में 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरासी, माड़ीसरई, कोटाडोल, भरतपुर, कुंवारपुर आधा-अधूरे स्टाप से ही संचालित हो रहा है। वहीं अंचल में 37 उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन स्टाप के नहीं रहने से इनमें से अधिकांश उप स्वास्थ्य केन्द्र बंद रहते हैं। अंचल के स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों के नहीं होने से रोजाना सैकड़ो मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं ,लेकिन उन्हें लाभ नहीं मिल पाता है। अंचल में सबसे ज्यादा परेशानी तब बनती है जब कोई दुर्घटना पीड़ति, किसी गंभीर बीमारी से पीड़ति या फिर जहर खाने, आग से जलने आदि कारणों से यहां पहुंचता है और उन्हें समुचित इलाज नहीं मिल पाता है।

### उप स्वास्थ्य केन्द्रों का हाल बेहाल

अंचल के चिन्हित बड़ी गांव में इस उद्देश्य से उप स्थास्थ्य केन्द्र बनाए गए थे, ताकि स्थानीय व आसपास के छोटे गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही उपलब्ध सुविधाओं का लाभ मिल सके। शासन द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों के उपचार, दवा कक्ष से लेकर अन्य प्रारंभिक सेवाओं को ध्यान में रखकर भवन तो बनाया गया है, इसी भवन में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के निवास की भी सुविधा है, लेकिन चिकित्सक एवं स्टाप की कमी के कारण लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है।

### डॉक्टरों के शीघ्र पदस्थापना की मांग

ग्रामीणों ने शासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि इन क्षेत्रों में तत्काल डॉक्टरों की पदस्थापना की जाए, स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर की जाएं और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि वनांचल के लोगों को भी समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिल सके। उल्लेखनीय है कि वनांचल के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी और आवश्यक संसाधन की उपलब्धता नहीं रहने से अंचल के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रहा है। अंचल के दूरस्थ गांव की स्थिति और भी भयावह है, यहां के जरूरतमंद मरीजों को समय पर बेहतर उपचार नहीं मिल पाता है। आलम यह है कि ग्रामीण अंचल के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों में डाक्टर के साथ ही अन्य स्टाप की कमी रहने से ग्रामीण मरीज मजबूरीवश झोलाछाप डाक्टरों के चंगुल में फंस जाते हैं।

### चिकित्सकों की है कमी

भरतपुर ब्लाक में डेढ़ दर्जन से ज्यादा चिकित्सकों की कमी है।

-डॉ. आरके रमन, बीएमओ जनकपुर



जल निकासी के कार्य में जुटे कर्मी।

## जलभराव की स्थिति पर नपा गंभीरता से करे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लगातार हो रही बारिश के कारण कोरिया जिले के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी स्वयं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं और अधिकारियों को त्वरित उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दे रही हैं।

शिवपुर-चरचा नगर पालिक परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 3, 5 एवं 9 में नालियों की सफाई कराई गई है। विशेष रूप से वार्ड 3 में नाली जाम होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही थी, जिसे सफाई कर्मियों द्वारा हटाए जाने के बाद जल निकासी प्रारंभ हो गई है। बैकुंठपुर क्षेत्र में प्रतीक्षा बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स में छत, गैलरी और सीढ़ियों पर रखे गए कबाड़ के कारण कई दुकानों में पानी टपकने और विद्युत उपकरणों के खराब होने की शिकायतें मिल रही थीं। नगर पालिका द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सारा कबाड़ हटा दिया गया है। नगर पंचायत पटना क्षेत्र में कन्या छात्रावास में जलभराव की स्थिति बनी थी, जिसे तत्काल प्रभाव से साफ कराकर पानी निकासी की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी नगरीय निकायों एवं जनपद सीईओ को निर्देशित किया है कि जलभराव की सूचना मिलते ही तत्काल पूरे अमले के साथ मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान किया जाए। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि नालियों में कचरा न फेंके, जिससे जल निकासी में बाधा उत्पन्न न हो।

## अब नर्सिंग एडमिशन पूछताछ होगी स्मार्ट

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने छग में शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में एक नई शुरूआत की है।

न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर राज्य का पहला कॉलेज बन गया है, जहां नर्सिंग कार्स के एडमिशन संबंधित पूछताछ के लिए एक एआई को तैनात किया गया है। इस एआइ एसिस्टेंट को लीप्लसएल द्वारा विकसित किया गया है, जो अब कॉलेज के अधिकारिक फोन नंबर 08068890538 पर 24 घंटे उपलब्ध है। छात्र अब एक कॉल पर कोर्स, फीस, योग्यता, आवेदन तिथि एवं अन्य सभी जानकारी हिन्दी एवं अंग्रेजी में तुरंत प्राप्त कर सकते हैं।



नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन के द्वारा अवगत कराया गया। यह एआई एसिस्टेंट हमारी एडमिशन टीम का बोझ कम करने के साथ-साथ छात्रों को सही और समय पर जानकारी देने का एक आधुनिक माध्यम बन चुका है। खासकर ग्रामीण छात्रों के लिए यह एक वरदान साबित हो रहे हैं। इस असिस्टेंट ने तैनाती के पहले ही सप्ताह में 500 से अधिक कॉल्स की संभाला है, जिससे एडमिशन प्रक्रिया पहले से कहीं अधिक प्रभावी और समावेशी बनी है।

### ये हैं मुख्य विशेषताएं

चैबीसो घंटे कार्यरत वॉयस असिस्टेंट, कोर्स, फीस, योग्यता, आवेदन तिथि आदि पर त्वरित जानकारी, हिन्दी और अंग्रेजी में संवाद करने में सक्षम। हमारा उद्देश्य है कि हर छात्र तक बिना किसी डिजिटल बाधा के जानकारी पहुंचे लिए प्लस आल के प्रतिनिधि ने कहा। इस एआई तैनाती के जरिए हम ग्रामीण भारत में भी उच्च शिक्षा को और अधिक सुलभ बना रहे हैं।

## जून से अगस्त का राशन उठाव 31 तक

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चावल वितरण की समयावधि में महत्वपूर्ण विस्तार किया गया है। मंत्रालय के पत्र के अनुसार अब जिले के सभी राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त तक का चावल 31 जुलाई तक एकमुश्त उठाने की सुविधा दी गई है। यह निर्णय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छग खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभान्वित परिवारों के लिए राहतकारी कदम है। वहीं एमसीबी जिला खाद्य अधिकारी द्वारा जिले के समस्त उचित मूल्य दुकानों को निर्देशित किया गया है कि वे इस जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे।

## जनकपुर-कोटाडोल सड़क 13 वर्षों से अधर में

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अंतर्गत जनकपुर और आसपास के क्षेत्रों में अधूरे विकास कार्यों, लंबित मुआवजा वितरण और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर किसानों में तीव्र आक्रोश देखा जा रहा है।

प्रशासनिक उदासीनता और विभागीय समन्वयहीनता का जीता-जागता उदाहरण जनकपुर-कोटाडोल मार्ग और विश्व बैंक सहायता प्राप्त जनकपुर बायपास, चांगमाता मंदिर मार्ग एवं माथमौर से भैंसूंन मार्ग है। साल 2011 में शुरू हुआ जनकपुर-कोटाडोल मार्ग निर्माण आज तक अधूरा है। नियमों के अनुसार सड़क निर्माण से पूर्व भूमि अधिग्रहण और मुआवजा



वितरण अनिवार्य होता है, लेकिन सात गांव के 313 किसानों की भूमि का करीब 3 करोड़ रूपए का मुआवजा आज तक लंबित है। कई बार पूर्व और वर्तमान जनप्रतिनिधियों द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया, लेकिन जमीन अधिग्रहित होने के बावजूद उन्हें आज तक उनका हक नहीं मिल पाया। वहीं जनकपुर बायपास, चांगमाता मंदिर मार्ग और माथमौर-भैंसूंन मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा विश्व बैंक के ऋण से किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण के मुआवजे की राशि शासन द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारी के खाते में अंतरण कर दी गई है, लेकिन वितरण न होने के कारण कार्य अधूरा छोड़ना पड़ा। इस लापरवाही से नाराज किसानों ने चांगमाता मंदिर मार्ग का निर्माण कार्य रोक दिया, जिससे धार्मिक और स्थानीय आवागमन भी प्रभावित हुआ है।

## एक दिन में जुटाए 844 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक

**मनेन्द्रगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।

- छात्र-छात्राओं की अनोखी पहल

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के सहयोग से जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इसमें जिलेभर के लगभग 15000 छात्र-छात्राओं ने घर-घर से निकलने वाले एकल उपयोगी प्लास्टिक के एकत्रीकरण के लिए व्यापक स्तर पर भागीदारी की। इस अभिनव पहल में न केवल छात्र-छात्राएं पूरे उत्साह के साथ आगे आए बल्कि उनके अभिभावकों ने भी बच्चों का भरपूर सहयोग कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बच्चों ने अपने घरों से अनुपयोगी प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथीन की थैलियां एवं अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रित कर उन्हें विद्यालय लाया जहां प्लास्टिक संग्रहण के पश्चात विद्यालय स्तर पर स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। संगोष्ठी में शिक्षकों ने बच्चों को प्लास्टिक के दुष्परिणामों से अवगत कराया। छात्रों की इस पहल ने प्रदेश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, क्योंकि पहली बार ऐसा हुआ जब एक ही दिन में लगभग 15000 बच्चों ने 844 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित कर स्वच्छाग्राहियों को सौंपा और आमजन से प्लास्टिक के प्रभावी प्रबंधन एवं इसके उपयोग को त्यागने की अपील की।



## प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 तक

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर विकासखंड स्थित विशेष पिछड़ी जनजाति (बैगा) आवासीय विद्यालय नौढ़िया में कक्षा 1, 7 वीं, 8 वीं और 9 वीं में रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय में बालक-बालिका वर्ग में कक्षा 1 के लिए 2 बालक और बालिका के लिए 3 सीट रिक्त हैं, वहीं 7 वीं कक्षा के लिए बालक 1 और बालिका सीट शून्य है। 8 वीं के लिए बालक सीट शून्य है और बालिका के लिए 2 सीट रिक्त है और कक्षा 9 वीं के लिए बालक सीट 4 है और बालिकाओं के 2 सीटें रिक्त हैं। जिसमें कुल टोटल 6 सीट रिक्त है। तथा इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर 12 जुलाई तक कार्यालय मंडल संयोजक, भरतपुर में जमा कर सकते हैं।



## दलहन-तिलहन की खेती पर किसान दें जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खरीफ 2025 सीजन के लिए जिले में किसानों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। उप संचालक कृषि राजेश भारती ने जानकारी दी कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले में बीज एवं उर्वरक के भंडारण एवं वितरण की प्रक्रिया को तेजी से अंजाम दिया गया है।

प्राप्त विभागीय ऑकड़ों के अनुसार जिले में अब तक 5451.98 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है। इसमें से 4135.90 क्विंटल बीज किसानों को वितरित किया गया है। यह कुल भंडारण का लगभग 76 प्रतिशत है। वितरण कार्य को पारदर्शी बनाने के लिए सहकारी समितियों और विभागीय अमले के माध्यम से बीज उठाव की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार, रासायनिक उर्वरकों में 9665 मीट्रिक टन का भंडारण किया गया है, जिसमें से 7730 मीट्रिक टन (लगभग 80 प्रतिशत) किसानों तक पहुंच चुका है।

### एक पेड़ मां के नाम चला घुघरा में पौधरोपण अभियान

# पौधरोपण कर सुरक्षा की सामूहिक जिम्मेदारी लें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम थीम पर आधारित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल एवं राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के आह्वान पर किया गया। इस गरिमामयी आयोजन में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, वनमंडलाधिकारी चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेसी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती




कार्यक्रम को संबोधित करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।



पौधरोपण अभियान में शामिल लोग।

त्रिपाठी ने स्काउट-गाइड्स एवं जनता को पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण एवं देखभाल की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बाल विवाह, प्रेम-प्रसंग के नाम पर मानव तस्करी और महिलाओं के लैंगिक शोषण जैसे गंभीर विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए स्काउट्स-गाइड्स से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने उपस्थित जनसमुदाय को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा तथा पास्को एक्ट जैसे सामाजिक विषयों पर जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय घुघरा के प्रांगण में हुआ, जिसकी अगुवाई जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी तथा पदेन जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने की। कार्यक्रम के आरंभ में श्री तिवारी ने स्वागत भाषण देते हुए पौधरोपण के महत्व को रेखांकित किया। पौधरोपण में जुटे स्काउट्स, गाइड्स और अधिकारी इस अवसर पर लगभग 200 पौधों, इनमें फलदार, औषधीय एवं छायादार वृक्ष शामिल थे जिनका रोपण किया गया।

पौधरोपण में स्काउट्स एवं गाइड्स के साथ-साथ वन विभाग के कर्मचारियों, स्कूल स्टाफ एवं अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों, स्काउट्स- गाइड्स, शिक्षकगण एवं छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में विशेष रूप से जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े, जिला संघ कोषाध्यक्ष रवि पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, सुनील बड़ा, निशा खान, शिव प्रताप सिंह, रवि बैगा, अजय ठाकुर, अनिल कुमार, अजीम अंसारी, केशव साहू, सुशील कुमार, जानकी ध्रुव, डिंपल मिंज, धनमत पड़ौती, आशा एक्का, प्रीति कुमारी, जगमाइत लकड़ा, भानुप्रिया भास्कर, मेझरेन बखला सहित लगभग 150 स्काउट-गाइड्स एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

**तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)**
**माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल**
MRM HOSPITAL Caring for You
TEJ Diagnostic Group
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

**डॉ. मोहित गुप्ता** MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
**डॉ. हेमन्त कुमार बी** MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
**डॉ. पूजा** MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
**डॉ. सोनल गार्डिया** MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
**डॉ. मनोज भारती** MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
**डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय** MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
**डॉ. आशीष कुमार जायसवाल** एम. डी. फिजीशियन
**डॉ. ओम प्रकाश पंडित** MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
**मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ**
**सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ**
**डॉ. सुरभि** BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
**डॉ. हिमांशु गुप्ता** MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
**डॉ. विकास गुप्ता** MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
**डॉ. जी के दामले** MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
**डॉ. संदीप गुप्ता** MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
**डॉ. प्रवीन कुमार सिंह** MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
**आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट**
**फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी**
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**बिश्रामपुर।** शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिश्रामपुर में आज सोमवार को छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बच्चियों तथा महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या निषेध अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट-गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा अधिनियम एवं कार्यस्थल पर महिलाओं का लैगिंग उत्पीडन अधिनियम 2013 की जानकारी दी गई। इसके अलावा समाज में लोगों की लिंग भेद वाली सोच को समाप्त करने तथा लड़की जन्म पर खुशी मनाने के लिए प्रेरित किया गया। बाल विवाह मुक्त सूरजपुर बनाने हेतु शपथ भी दिलाई गई, साथ में ब्रोशर बुक का वितरण कर उन्हे अपनी सुरक्षा व समाज में पीड़ति बच्चियों व महिलाओं की सुरक्षा के लिए पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर से संबंधित सभी जानकारियां दी गई।

### शासकीय अजाक हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**बिश्रामपुर।** शासकीय अजाक हायर सेकेण्डरी स्कूल जयनगर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवनंदनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में जयनगर सरपंच राधा बाई, मंडल महामंत्री देवशरण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, एसएमडीसी अध्यक्ष शांतनु सिंह चौहान, कृष्णपाल बिंझिया व विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कलिस्ता अक्खड़ उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने सर्वप्रथम द्वारा कक्षा 9 वीं में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगा मिष्ठान खिलाकर विद्यालय में स्वागत किया गया। अतिथियों ने सभी नवप्रवेशी बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर पढाई करने की बात कही। साथ ही शिक्षकों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर जीवन में नई ऊंचाइयों को हासिल करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता धर्मेन्द्र राजवाड़े एवं आभार श्रीमती कलिस्ता अक्खड़ ने व्यक्त किया।

### संकुल केन्द्र डेडरी में मनाया गया सामूहिक शाला प्रवेश उत्सव



**मानीचौक।** क्षेत्र के संकुल केंद्र डेडरी एक व दो में सामूहिक शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें कक्षा पहली से 9वी तक के नवप्रवेशी छात्र,छात्राओं को तिलक लगाकर व पाठ्य पुस्तक के साथ मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती संध्या सिंह ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के संबंध में जबकि अभिभावकों को शासन से शिक्षा को बढ़ावा देने के सभी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अभिभावकों को अपने-अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने को प्रेरित की। इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद सदस्य घूरन प्रताप सिंह, एसएमडीसी के अध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह, बोधन सिंह, राम प्रसाद सिंह, सुखलाल राजवाड़े, वासुदेव चक्रधारी, प्रभारी प्राचार्य मोतीलाल सिंह, दोनों संकुल के समस्त शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## आसपास क्षेत्र से सब्जी व फल बेचने आते हैं ग्रामीण

# शिवनन्दनपुर इतवारी बाजार में जलभराव और गड्ढों से स्थानीय व्यापारी व राहगीर परेशान



साप्ताहिक बाजार परिसर में कीचड़ व गड्ढे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर का प्रमुख रविवारीय हाट-बाजार इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण परेशानी का केंद्र बना हुआ है। हर रविवार को दूर-दराज से आने वाले ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों के लिए यह बाजार आजीविका का प्रमुख साधन है, लेकिन वर्तमान में यहां की जर्जर स्थिति लोगों की रोजी-रोटी और सुरक्षा दोनों पर संकट बन गई है। गौरतलब है कि सोमवार को रविवारीय बाजार के दुकानदारों ने नपं शिवनंदनपुर सीएमओ को ज्ञापन सौंप उल्लेख किया है कि बाजार क्षेत्र में बारिश का पानी जमा हो जाता है, जिससे न सिर्फ कीचड़ फैलता है, बल्कि दुकान लगाने की जगह ही नहीं बचती। ग्रामीण क्षेत्रों से सब्जी, फल और अन्य वस्तुएं बेचने आने वाले छोटे दुकानदारों को जगह की कमी और फिसलन की वजह से भारी परेशानी होती है। कीचड़ में दुकानें लगाने के चलते कई बार उनका सामान खराब भी हो जाता है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**खास बात**

- साप्ताहिक बाजार में लोगों की होती है भीड़

रविवारीय बाजार में मौजूद मांसाहारी दुकानों के पास स्थित मार्ग की हालत अत्यंत दयनीय है। यह मार्ग जहां पैदल चलने वालों, दोपहिया वाहनों और छोटे व्यापारियों के लिए मुख्य रास्ता है, वहीं यह बड़े-बड़े गड्ढों और दलदली मिट्टी के कारण दुर्घटना स्थल बन चुका है।स्थानीय लोगों ने बताया कि हर रविवार को कोई न कोई बाइक सवार इस मार्ग पर गिर जाता है। कई बार महिलाएं और स्कूली बच्चे भी चोटिल हो चुके हैं। बाजार में साइकिल और मोटरसाइकिल से आने-जाने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों में भय बना रहता है कि कहीं उनके बच्चों को भी चोट न लग जाए। लोगों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है। पूर्व में भी पंचायत को कई बार लिखित आवेदन दिए गए, लेकिन हर बार केवल खानापूर्ति की गई। रास्ते पर थोड़ी-बहुत मिट्टी डाल दी गई, जिससे बारिश के बाद स्थिति और बदतर हो गई है। मिट्टी बह जाने के बाद कीचड़ और गड्ढों की समस्या पहले से भी अधिक गंभीर हो गई है। लोगों की मांग है कि बाजार की स्थिति को गंभीरता से लिया जाए और शीघ्र ही स्थायी मरम्मत का कार्य प्रारंभ किया जाए। साथ ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था, समतलीकरण और सड़कों की मरम्मत की जाए, ताकि आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। बाजार की अव्यवस्था को लेकर लोगों में आक्रोश भी है। ज्ञापन सौंपने वालों में राजू पाटले, रजा अंसारी, ईश्वरचंद, बाबू कुरैशी, रहीस कुरैशी, इतखार कुरैशी, कासीम कुरैशी, शहबाज खान, बंटू खान, महेन्द्र सिंह, कौशर मंडल, कुलवंत सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

## बरसते पानी के बीच एनएच 343 पर किया गया पिचिंग, सड़क की हालत दयनीय

**रामानुजगंज।** राष्ट्रीय राज्य मार्ग 343 की स्थिति दिन प्रतिदिन अत्यंत बदतर होते जा रही है वहीं सड़क के मरम्मत के नाम पर सिर्फ लीपापोती का खेल जारी है। बीते शनिवार की शाम को मूसलाधार बारिश के बीच पिचिंग हुआ एवं सोमवार तक पीचिंग उखड़ गया जिसे लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है। इधर राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी एवं ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के लोगों सहित राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में टू लेन सड़क निर्माण के लिए रामानुजगंज से अंबिकापुर तक टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है एवं इसके लिए तेजी से पेड़ की भी कटाई हो रही है। कार्य संभवत सितंबर या अक्टूबर से प्रारंभ होगा वही उसके पहले सड़क के मरम्मत के लिए 10 करोड रुपए स्वीकृत हुए हैं परंतु मरम्मत के नाम पर सिर्फ लीपापोती का खेल हो रहा है। शनिवार को बरसते पानी के बीच अग्रसेन चौक से लेकर बास डिपो तक पीचिंग का कार्य कराया गया जो सिर्फ दो दिन तक ही चला। सोमवार को फिर से सड़क की हालत ज्यों कि त्यो हो गई। बरसते पानी के बीच पिचिंग करने से तथा मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन करने से सड़क की हालत और भी दयनीय हो गए जिसे लेकर लोगों में गहरा आक्रोश है।

आना-जाना हुआ मुश्किल- राष्ट्रीय राजमार्ग स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। रामानुजगंज से बलरामपुर होते हुए अंबिकापुर जाना मुश्किल हो गया है। सड़क इतना खराब है कि चार चक्का वाहन प्रतिदिन गड्डो जाने से खराब हो जा रही है। बड़ी वाहन एवं यात्री बस भी बहुत मुश्किल से चल रही है। ऐसे में जर्जर सड़क के कारण हर रोज दुर्घटनाएं भी हो रही है।



## भक्ति व जन आस्था के केंद्र देवगढ़ धाम में होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

श्रावण मास के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भोलेनाथ की भक्ति और जन आस्था का विराट संगम देवगढ़ धाम में देखने को मिलेगी। महाशिवरात्रि के एक दिन पहले 22 जुलाई को सूरजपुर छठ घाट से हजारों श्रद्धालु भक्त जमदाग्नि ऋषि की तपोभूमि और उत्तर वाहिनी पुण्य सलिला रेणुका नदी के तट पर स्थित अर्द्धनारेश्वर शिवलिंग का जलाभिषेक करने पदयात्रा पर निकालेंगे।

श्रद्धालु मानते हैं कि अर्द्धनारेश्वर शिवलिंग का जलाभिषेक कर उन्हें जीवन में शांति, शक्ति और शिवकृपा का वरदान प्राप्त होता है। ज्ञात हो कि देवगढ़ धाम न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह स्थल पुरातात्विक व ऐतिहासिक दृष्टि से भी विशिष्ट है। रेणुका नदी के तट पर स्थित यह स्थल वह भूमि है, जहां ऋषि जमदाग्नि ने तपस्या की और जहां श्रद्धालु आज भी शिव-शक्ति स्वरूप अर्द्धनारेश्वर की आराधना कर जीवन का कल्याण मांगते हैं। इस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए मां कुदरगढ़ी सेवा परिवार और विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने कमर कस ली है। यहां पर रात्रि में आयोजित विशाल शिव जगराते में देशभर के प्रसिद्ध कलाकार स्नेहा सरगम देवघर, झारखंड, विवेक ताम्रकार रायपुर, ओम अग्रहरि बैकुंठपुर, अंजली यादव मप्र, अविनाश पुरी सूरजपुर और पुनित एंड ग्रुप जबलपुर अपने सजीव भजनों और शिव झांकियों से पूरे धाम को शिवमय बना देंगे।

बताया जा रहा है कि इस वर्ष भी श्रावण माह के प्रत्येक सोमवार को सुभाष गोयल व विजय गोयल अपने परिवारजनों के देवगढ़ धाम में भव्य भण्डारे का आयोजन करेंगे। पूरे आयोजन को सफल बनाने में सुभाष गोयल, पवन गर्ग, राहुल अग्रवाल, राजेश मित्तल,अंशुल गोयल, दीपक गोयल, नलिन जिंदल, दीपक सिंघल, चाहत जैन, विकास जैन, आलोक अग्रवाल जैसे दर्जनों सेवा भावी सदस्य जुटे हुए हैं।

## शहर विकास का नया प्लान तैयार करने की मांग



**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने सरगुजा प्रवास पर पहुंचे उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को ज्ञापन सौंप अम्बिकापुर का विकास योजना 2021 को निरस्त कर शीघ्र नवीन मास्टर प्लान तैयार कर लागू करने की मांग की है। पार्षद श्री दुबे ने बताया कि अम्बिकापुर की प्रथम विकास योजना 6 मई 2006 को लागू किया गया था। योजना में अनेकानेक विसंगतियां होने के कारण इसकी शुरुआत में ही नगरवासी एवं जनप्रतिनिधि बदलाव करने की मांग करने लगे। विकास योजना में शहर के फुंदुरडिहारी स्थित तुर्रापानी में 63 हेक्टेयर भूमि को मेला क्षेत्र हेतु आरक्षित किया गया है। वहीं विशुनपुर में मंडी प्रस्तावित है जबकि दोनों इलाके घनी बसाहट वाले है। शहर में शहर में बिना किसी योजना के एमआर रोड प्रस्तावित किया गया है जिसका कोई अस्तित्व नहीं है। प्रस्तावित मार्ग के निर्माण से सैकड़ों भवन प्रभावित होंगे। मास्टर प्लान में जरूरत के अनुसार उपयुक्त बाईपास रोड का प्रावधान नहीं है जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा शहर के तीन छोरों पर बाईपास निर्माण प्रस्तावित है। मास्टर प्लान में भू उपयोग, मार्ग, उचित फर्मी, क्षेत्रानुपात का भी प्रावधान नहीं है तथा शहर के चोरका कछार एवं फुंदुरडिहारी का कुछ हिस्सा निवेश क्षेत्र में शामिल नहीं किया गया है जबकि दोनों इलाके ननि में शामिल है। मास्टर प्लान में जल निकासी का प्रावधान नहीं होने कारण भारी वर्षा के दौरान शहर का बड़ा इलाका जलमग्न हो गया है। अमृत योजना के तहत जीपीएस आधारित मास्टर प्लान 2042 का सर्वे व अन्य कार्ययोजना लगभग तैयार कर लिया गया है तथा शहर के व्यवस्थित विकास हेतु इस योजना को तत्काल लागू किया जाना आवश्यक है।

## सांसद चिंतामणि महाराज ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**कुसमी।** सांसद चिंतामणि महाराज कुसमी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बैंक में पहुंचे। सांसद ने किसानों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही विगत दिनों किसानों के खाते में हुई राशि का हेराफेरी से संबंधित सभी बातों को बैंक के प्रबंधक से जानकारी ली। प्रबंधक द्वारा बताया गया कि जिन किसानों के खाते में बैंक से लोन लेना बताया जा रहा है, उन्हें खाद, बीज नहीं दिया जा रहा है। उनका खाता अभी होल्ड है वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशानुसार हम लोगों को खाद बीज एवं नगद राशि देने से मना किया गया है। जिस पर सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा किसानों की परेशानियों को देखते हुए बैंक के उच्च अधिकारी से बात की। सभी प्रबंधकों को किसानों से अच्छे तरीके से बात करते हुए उन्हें सही प्रकार की सलाह देने का निर्देश दिया।

## पंचायत व ग्रामीण विकास की योजनाओं की हुई मासिक समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला एवं बाल विकास, जल जीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री जयवर्धन ने प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शत-प्रतिशत हितग्राही पंजीयन एवं निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास मित्रों को पूरी सक्रियता से कार्य करने की बात कही और निर्माण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। जनपदवार समीक्षा के दौरान जहां अपेक्षित प्रगति नहीं हुई, वहां जल्द लक्ष्य प्राप्त करने को कहा गया। इसके अलावा आवासों का जियो टैग शीघ्र करवाने के निर्देश दिए। मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु गड्ढों की भराई, कूड़ा निपटान, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन शेड, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए हितग्राहियों को इन योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए। साथ ही जल जीवन मिशन, कृषि, ग्रामीण सड़क, और स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई।



### सांसद ने किया बच्चों का सम्मान

**रजपुरीकला।** सांसद कार्यालय में आयोजित संभाग स्तरीय मेरिट बच्चों के सम्मान समारोह में कस्तूरबा गांधी रजपुरी कला की अधीक्षिका तथा छात्राओं सहित म्यूजिक टीम को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा अपने संगीत की रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रत्येक जिले से राज्य में तथा जिले में टॉप 10 में जगह बनाने वाले बच्चों का सम्मान किया गया। सांसद द्वारा अधीक्षिका अनुराधा सिंह सहित सभी बच्चों को साल श्रीफल व सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया। सांसद द्वारा जिला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में छात्रों द्वारा दिए गए संगीत में प्रस्तुति की सराहना की।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं Dumnika Bara पति स्व. Martin Bara उम्र 77 वर्ष निवासी ग्राम जोधपुर पोस्ट थाना चान्दो जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.)। यह घोषणा करती हूँ कि शादी से पूर्व मेरा नाम Dumnika Tirkey था शादी के बाद मैंने अपने पति स्व. Martin Bara का सरनेम अपना लिया है मैंने अपना नाम Dumnika Tirkey से बदलकर Dumnika Bara कर लिया है। यह परिवर्तन मैंने अपनी स्वेच्छा से किया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम Dumnika Bara से ही जाना और संबोधित किया जाए। सभी संबंधित दस्तावेजों में मेरा नया नाम Dumnika Bara ही मान्य होगा।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
Dumnika Bara
पति स्व. Martin Bara
निवासी-ग्राम जोधपुर पोस्ट थाना चान्दो जिला व बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.)




























## खबर संक्षेप

### बारिश से जलमग्न फिल्टर प्लांट से पेयजल सप्लाई हुई बहाल

**बिश्रामपुर।** शनिवार शाम से लगातार हो रही तेज बारिश की वजह से रेड़ व घुनघुट्टा नदी पूरी तरह उफान पर आ गई । रेड़ नदी के उफान पर आने के बाद ग्राम गोरखनाथपुर स्थित एसईसीएल के फिल्टर प्लांट में लगे हैवी मोटर और स्विच को डूबने से बचाने के लिए चैन पुली में बांध कर उन्हें ऊँचे लेवल में रखा गया था,जिस कारण एसईसीएल कॉलोनी के करीब 2200 से अधिक कम्पनी आवासों में पेयजल आपूर्ति ठप्प हो गई।फिल्टर प्लांट प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि नदी का जल स्तर कम होने के बाद मोटर को पूर्व के स्थान रखने के बाद सोमवार से पुनः कालोनियों में पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। बताया गया कि सोमवार को बारिश थमने के बाद जब रेड़ नदी के पानी का जल स्तर फिल्टर प्लांट के खतरे के निशान से नीचे पहुंचा, इसके बाद सुबह 9 बजे से पानी सप्लाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### घुनघुट्टा डैम का गेट खोलते ही अमेरा खदान के फेस में घुसा पानी

**बिश्रामपुर।** शनिवार को पूरे दिन के बाद पूरी रात हुई बारिश और फिर रविवार को हुई तेज बारिश के बाद क्षेत्र के नदी नाले उफान पर हैं।अंबिकापुर जिला प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए घुनघुट्टा बांध के पांच गेट को खोल दिया है जिसके बाद रेड़ और घुनघुट्टा में बाढ़ सदृशय स्थिति निर्मित हो गई।डैम का पानी खुलते ही अमेरा खदान में जल प्रलय की स्थिति निर्मित हो गई और देखते ही देखते अमेरा खदान पूरी तरह पानी में डूब गया।घटना की जानकारी जैसे ही एसईसीएल प्रबंधन को मिली जिसके बाद सरगुजा जिला प्रशासन से संपर्क कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया और बांध के शेष गेट को नहीं खोलने का निवेदन किया गया।बताया गया कि जैसे ही बांध का गेट खोला गया इसका सीधा असर खदान में देखने को मिला और बांध का पानी देखते ही देखते खदान में घुसने लगा।खदान में रात्रि पाली में काम करने वाले खदान में एकाएक घुस रहे तेज बहाव पानी को देख अचानक कुछ समझ नहीं पाए बाद में मामले की जानकारी क्षेत्रीय प्रबंधन को दी गई।क्षेत्रीय प्रबंधन के अधिकारियों ने खदान का जायजा लिया है,खबर है कि अभी जून माह में खदान में मानसून प्रिपरेशन का कार्य प्रबंधन ने कराया था सो पूरी तरह से सबकुछ बर्बाद जैसी हालत निर्मित हो गई है।खदान के फेस में बड़ी मात्रा में जलभराव ने प्रबंधन के समक्ष नई चुनौती खड़ी कर दी है, बिश्रामपुर क्षेत्र की हालत दिनो दिन पुनः बिगड़ती जा रही है,आमगांव ,अमेरा खुली खदान में अधिग्रहित भूमि का आधिपत्य मिलने में आ रही अड़चनों का निपटारा अगर समय रहते प्रबंधन ने नहीं किया तो फिर क्षेत्र में कोल उत्पादन के संकट की स्थिति निर्मित हो जाएगी।

### बारिश के बीच देर रात कोयलांचल में निकाला गया मोहर्रम का मातमी जुलूस




**बिश्रामपुर।** कोयलांचल समेत आसपास इलाके में मुस्लिम समाज द्वारा रविवार को मोहर्रम का मातमी पर्व सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया। यहां पर ताजिए व अलमदार द्वारा अपने अपने चौक पर मोहर्रम के दिन फातेहा खानी व लंगरखानी की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इसके दसवीं मोहर्रम का मातमी जुलूस भारी बारिश के बीच देर रात निकाला गया। इसके बाद जुलूस राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर मुख्य मार्केट में घुमाकर वापस अपने -अपने करबला में पहुंचे और देर रात विधिवत समापन किया गया।ज्ञात हो कि मुस्लिम समाज द्वारा इमाम हसन-हुसैन की शहादत की याद में मातमी पर्व मोहर्रम पिछले दस दिनों से मनाया जा रहा था।मोहर्रम को लेकर पुलिस व्यवस्था भी चाक चौबंद रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर सलीम खान, सेक्रेटरी एजाज अहमद, जलालुद्दीन, उस्मानिया नौजवान कमेटी से जुल्फी, शानू, इमरान, शाहबाज, अयान कुरैशी, अमीन खान, रेहान खान, अनस फिरदौस, शाहिद कुरैशी के अलावा सतपता व जयनगर कमेटी के लोग बड़ी संख्या में जुलूस में शामिल रहे। इसी तरह ग्राम पंचायत दतिमा, करवां व अन्य ग्रामों में भी मोहर्रम को सौहार्द पूर्ण तरीके से मनाया गया।

### मुस्लिम समुदाय ने हसर-हुसैन की शहादत में निकाला मातमी जुलूस

**करवां।** मुस्लिम समुदाय द्वारा पड़की पारा में हसन-हुसैन की शहादत की याद में ताजिया के साथ मातमी जुलूस निकाला गया। इस मौके पर मुस्लिम पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह चौक-चौराहों पर जुलूस का स्वागत किया गया और अकीदतमंदी के साथ फातिहा पढ़ी गई। ताजियों को श्रद्धा और सम्मान के साथ विभिन्न स्थानों पर ले जाया गया, जहाँ समुदाय के लोगों ने उन्हें देखने और दुआ करने के लिए बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर स्थानीय हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिम समुदाय के साथ सहयोग किया और जगह-जगह लंगर, पेयजल की व्यवस्था की।

## पानी निकासी की व्यवस्था अपर्याप्त

# अवैध अतिक्रमण एवं बेतरतीब निर्माण शहर में जल भराव का मुख्य कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- पानी निकासी मार्ग पर बन गई कॉलोनियां, पुल-पुलियों को कर दिया बंद

भारी बारिश के बाद रविवार को शहर विभिन्न क्षेत्रों में हुए जल भराव के पीछे पानी निकासी के प्राकृतिक मार्गों को अवरूद्ध करने एवं एवं जगह-जगह बेतरतीब निर्माण जसी वजह सामने आई है। शहर में लम्बे समय से योजनाबद्ध पानी निकासी व्यवस्था की कमी भी जल भराव का बड़ा कारण माना जा रहा है। संभाग मुख्यालय बनने के बाद शहर की आबादी तेजी से बढ़ रही है तथा नए-नए क्षेत्रों में कॉलोनियां विकसित हो रही है।

शहर के दूरस्थ एवं सुविधाविहीन इलाके तो लगातार आवासीय कॉलोनियां विकसित हो ही रही हैं भू-माफिया अब आसपास के गांवों में भी धड़ल्ले से प्लॉट काट कर बेच रहे हैं। जरूरतमंद लोग भी भविष्य की चुनौतियों की चिंता किए बिना जहां-तहां प्लॉट खरीदकर बेतरतीब निर्माण कर रहे हैं। कॉलोनियों के लिए शासन ने कड़े नियम बनाए हैं लेकिन दबंगों पर इन नियमों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। मोटी कमाई के लिए दबंग ऐसे स्थानों की जमीनें सस्ते में खरीद रहे हैं जो निचले इलाकों में शुमार हैं तथा पानी निकासी का प्राकृतिक मार्ग है। दबंग पानी निकासी के मार्गों, पुल-पुलियों को अवरूद्ध कर मिट्टी भर दे रहे हैं तथा प्लॉट काटकर जरूरतमंद लोगों को बेच रहे हैं। लोग भी सड़क, बिजली, पानी एवं जल निकासी की चिंता किए बगैर बेतरतीब ढंग से आवासों का निर्माण कर रहे हैं। ऐसी कॉलोनियों में कुछ घर ऊंचाई पर हैं जबकि कुछ गहराई में जिसके कारण पानी निकासी नहीं हो पा रही है तथा भारी बारिश के दौरान भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को शहर से सटे ग्राम पंचायत सरगवां स्थित वृंदावन कॉलोनी स्थित बांक नदी का प्रवास बाधित होने के कारण तेज बहाव में नवनिर्मित एक मकान के सामने की मिट्टी कटकर बह गई तथा भवन के दो पिलर हवा में झूल गए।

घटना से भयभीत परिवार के सदस्यों ने खतरे को देखते हुए मका को खाली कर दिया है तथा खानाबदोश का जीवन जी रहे हैं। मिट्टी कटाव होने से मकान में दरारे आ गई हैं तथा गिरने का खतरा बढ़ गया है। मकान की सुरक्षा के लिए तत्काल बोल्डर-गिट्टी की फिलिंग कराने एवं नदी के प्रवाह को सुचारू करने की जरूरत बताई जा रही है जो भवन स्वामी की क्षमता से बाहर है।



भारी बारिश के बाद सरगवां स्थित वृंदावन कॉलोनी में मिट्टी कटाव होने से क्षतिग्रस्त मकान।

### नदी में भी निर्माण

बताया जा रहा है कि बांक नदी के किनारे की भूमि खरीदने के बाद भू-स्वामी ने पानी निकासी मार्ग पर नदी किनारे रिटेनिंगवाल का निर्माण करा भूमि को समतल कराया तथा प्लाटिंग कर अधिकांश भूमि को बेच दी। तीन साल पूर्व रिटेनिंग वाल टूट कर नदी में गिर गई। नदी का प्रवाह कम होने पर कोई समस्या नहीं होती लेकिन मूसलाधार बारिश होने के बाद क्षतिग्रस्त रिटेनिंग वाल नदी का प्रवाह रोक देता है जिससे मिट्टी का कटाव होता है। इसी नदी में शहर की नालियों का अधिकांश पानी निकलता है। कुछ लोगों ने नदी किनारे की भूमि को पाटकर पक्के मकान बना लिए हैं। इन मकानों में जाने-आने रास्ता भी खतरनाक है। इस तरह के अवैध निर्माण भी नदी के प्रवाह को बाधित कर रहे हैं। ऐसे कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के लिए पहले कॉलोनी का नियमितकरण जरूरी है लेकिन नियमितिकरण का शुल्क भुगतान करने कोई पक्ष सामने नहीं आ रहा है।

**पानी निकासी बड़ी समस्या**

ननि के जनप्रतिनिधि शहर के ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करने एवं अलग-अलग क्षेत्रों में पानी निकासी के लिए बड़ी पालियां बनवाने की योजना लम्बे समय से बना रहे हैं लेकिन यह योजना फाईलों से बाहर नहीं निकल पा रही है। शासन से मिले अधोसंरचना विकास की राशि से पार्षदों की सहमित से वार्डवार विकास कार्य होते हैं। ननि के जनप्रतिनिधयों ने इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए कभी कारगर पहल नहीं की। वार्डों में भी मूलभूत सुविधाएं जरूरी हैं लेकिन ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करना शहर की बड़ी जरूरत बन गई है।

**ड्रेनेज सिस्टम के लिए होगी पहल**

पानी निकासी के लिए ननि द्वारा कुछ स्थानों पर बड़ी नाली का निर्माण कराया जा रहा है। ड्रेनेज के लिए 3-4 बड़े नालों का निर्माझा आवश्यक है। इसकी स्वीकृति के लिए शासन से पहल की जाएगी।

-डीएन कश्यप
आयुक्त, नगर निगम

# खदान से पाट्‌र्स की चोरी तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सहक्षेत्र के बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से गत 13 अप्रैल को खदान परिसर में रखे स्क्रैप मैटेरियल अर्थात कबाड़ सहित मशीनी पाट्‌र्स चोरी कर छोटे मालवाहक वाहन में डालकर कबाड़ चोर भागने की फिराक में थे,इस दौरान कबाड़ चोर कंपनी के सुरक्षा दस्ते की संयुक्त ग़श्ती दल को देखकर मालवाहक वाहन को मौके पर ही छोड़ भाग खड़े हुए थे, इसके बाद सुरक्षा अमले ने खदान के लौह सामग्री कबाड़ लोड मिनी मालवाहक वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 2763 को जप्त कर बिश्रामपुर पुलिस को सौंप दिया गया था।

पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान शिवनंदनपुर रविवार बाजार निवासी वाहन स्वामी कबाड़ चोर गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा कबाड़ी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जिसने बताया कि अजय देवांगन एवं अन्य साथियों ने खदान से चोरी की घटना को अंजाम दिया है।मामले में गत 28 मई को शिवनन्दनपुर इतवारी बाजार निवासी गुलाम अहमद उर्फ गुड्डा कबाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया।इधर पुलिस ने गुड्डा कबाड़ी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर वारदात में शामिल आरोपी अजय देवांगन को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो उसने घटना में शामिल सहयोगियों के नाम पुलिस को बताए, जिसके आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल अजय देवांगन पिता रजिंदर देवांगन 19 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर, दिशांत दास पिता मोहन दास 19 वर्ष निवासी तालाब पारा शिवनंदनपुर, विमल राजवाड़े उर्फ नानबाऊ पिता शिवनारायण राजवाड़े 20 वर्ष तालाबपारा शिवनंदनपुर,सहित एक अन्य अपचारी बालक को आज सोमवार को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।



# स्क्रीनिंग किए गए लोगों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड किया जाएगा प्रदाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का किया जा रहा है आयोजन

जिले के समस्त विकास खंडों में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा 1 जुलाई 2023 को सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत 2023 से 2026 तक 0-40 वर्ष आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग कर पोर्टल में एंट्री की जा रही है।

सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का उद्देश्य है कि स्क्रीनिंग किए गए सभी व्यक्तियों को सिकल सेल जेनेटिक कार्ड प्रदान किया जाएगा। जिले में वर्ष 2023-2026 में 5 लाख 56 हजार 628 व्यक्तियों का सिकल सेल स्क्रीनिंग किया जाना है, जिसके विरूद्ध 7 लाख 35 हजार 239 स्क्रीनिंग कर 583 सिकल सेल रोगी की पहचान की गई, इनमें से 248 मरीजों का सिकल सेल विकलांगता प्रमाण पत्र जिले द्वारा प्रदाय किया जा चुका है।

सीएमएचओं डॉ. केडी पैकरा ने बताया कि इस कार्यक्रम में सिकल सेल के बारे में समुदाय में जागरूकता फैलाना, रोगियों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श देना, संभावित रोगियों की सिकल सेल स्क्रीनिंग, स्क्रीनिंग उपरांत सिकल सेल धनात्मक मरीजों को जनेटिक कार्ड प्रदान करना, सिकल सेल से पीड़ति व्यक्तियों के प्रति समाज में फैले भेद-भाव को कम करना, साथ ही समुदाय आधारित जन सहभागिता गतिविधियां आयोजित किया जा रहा है। समस्त विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को सूचित किया गया है कि अपने अधीनस्थ सिकल सेल धनात्मक मरीजों का विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने हेतु संपर्क स्थापित करें।

### सर्पदंश बाद तुरंत पहुंचे अस्पताल, झाड़-फूंक या देरी हो सकती है जानलेवा : डॉ. प्रियंका शर्मा

- रामानुजनगर अस्पताल की व्यवस्था बनी जीवन रक्षक

**सूरजपुर।** ग्राम कौशलपुर निवासी इंद्रपाल को सफाई करते समय एक ज़हरीले सांप ने उन्हें काट लिया। इधर इंद्रपाल को सांप के काट लेने पर परिजन बिना देरी किए रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। स्वास्थ्य केंद्र पहुंचते ही चिकित्सकों ने बिना देरी किए इलाज शुरू कर तत्काल एंटी-वेनम इंजेक्शन लगाया गया और मेडिकल ऑब्ज़र्वेशन में रखा गया। समय पर उपचार होने से इंद्रपाल सुरक्षित और पूरी तरह ठीक हैं। रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. प्रियंका शर्मा ने बताया कि रामानुजनगर अस्पताल को इस तरह तैयार किया है कि किसी भी आपात स्थिति में बिना किसी देरी के इलाज शुरू हो सके। यदि कभी भी किसी को सांप काटता है, तो वह तुरंत अस्पताल पहुंचे। झाड़-फूंक या देरी जानलेवा हो सकती है। जिला प्रशासन ने सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूंक से मरीज को ठीक कराने के चक्कर में न रहें बल्कि मरीज को उपचार के लिए तत्काल निकटतम अस्पताल लाने का प्रयास करें। सांप के काटने पर झाड़-फूंक से नहीं बल्कि एंटी-वेनम इंजेक्शन से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी-वेनम इंजेक्शन उपलब्ध है।

# मेहता प्वाईंट झरने की खाई में गिरी पर्यटकों से भरी अनियंत्रित स्कार्पियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 9 सवार हुए घायल

मैनपाट स्थित पर्यटन स्थल मेहता प्वाईंट पर रविवार को उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब पर्यटकों से भरी एक तेज रफ्तार स्कार्पियो अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में स्कार्पियो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

मैनपाट के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने रविवार को कांसाबेल के 9 पर्यटक स्कार्पियो क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 7951 से पहुंचे थे। अन्य पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के बाद 4 बजे मेहता प्वाईंट का झरना देखने पहुंचे थे। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पर्यटन स्थल मेहता प्वाईंट पर वाहन ले जाने पर रोक लगाई है लेकिन पर्यटक तेज रफ्तार से झरना की ओर आ रहे थे इस दौरान चालक को पास में गहरी खाई होने का अनुमान नहीं लग सका तथा पर्यटकों से भरी स्कार्पियो मेहता प्वाईंट झरने की 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना में वाहन में सवार सभी पर्यटकों को गंभीर चोटें आई हैं वहीं स्कार्पियो पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो गई है। वाहन गिरने का शोर सुनकर घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने खाई में उतर कर स्कार्पियो सवार 9 लोगों को बाहर निकाला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया।

इसके 6 दिन पूर्व मेहता प्वाईंट झरने की खाई में एक तेज रफ्तार कार गिर गई थी जिसमें सवार 4 लोगों को गंभीर चोटें आई थी। मेहता प्वाईंट झरने के पास जिस तरह से दुर्घटनाएं हो रही हैं सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की जरूरत महसूस की जा रही है।



# कलेक्टर के अमर्यादित व्यवहार से आक्रोशित कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सूरजपुर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कबीरदास कलेक्टर के अमर्यादित व्यवहार के विरोध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री राजस्व टंक राम वर्मा, मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की।

गौरतलब है कि कबीरधाम कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बीते दिनों कार्यालय खुलने के समय सरकारी कार्यालय और संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया था। इसी क्रम में वह सुबह 10 बजे जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे थे। यहां कार्यालय के मेन गेट पर कलेक्टर हाजिरी रजिस्टर लेकर बैठ गए थे। देर से आने वाले कर्मचारियों को गेट पर ही रोक दिया। उन्होंने कर्मचारियों को कान पकड़कर उठक-बैठक लगवाया और माफी मंगवाई थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जमकर वायरल हुआ था। कलेक्टर ने देर से कार्यालय पहुंचने वाले 42 कर्मचारियों को नोटिस भी जारी किया था। जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि कलेक्टर का व्यवहार अनुचित व अशोभनीय है। फेडरेशन इसकी कड़ी निंदा करता है,साथ ही शासन से मांग करते हैं कि ऐसे बेलगाम अधिकारियों को सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। कार्रवाई नहीं होने पर फेडरेशन उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह, महासचिव एवं जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी इकबाल अंसारी, प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र उपाध्याय, जिला अध्यक्ष छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ मनीष दीपक साहू, राधेश्याम साहू, संदीप गुप्ता, अनुरंजन सिंहदेव, प्रदीप सिंह, महेश पैकरा, सीडा अध्यक्ष डॉ. राजेश पैकरा, डॉ. दीपक मरकाम, ज्योति साधना श्रीवास्तव, आशीष पाण्डेय, शैलेंद्र सिंह, सुनील कुमार उइके, विकास कुशवाहा, महेंद्र शांडिल्य, कुलदीप पैकरा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




### भंडारा लगाने के लिए बोल बम समिति रवाना

**राजपुर।** सरगुजा कोरिया बोल बम सेवा समिति 21 वां वर्ष का भंडारा सुल्तानगंज से देवघर पैदल मार्ग पर लगाने के लिए समिति के सदस्य आज राजपुर से रवाना हुए। बाबा धाम देव नगरी के पैदल कावड़ मार्ग पर पूरे सावन भंडारा चलता है और कांवड़ियों की सेवा करते है। समिति के संस्थापक सदस्य व अध्यक्ष सुभाष शर्मा के नेतृत्व में दिनेश गोयल, बाबूलाल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र बंसल, रामस्वरूप गुप्ता, प्रमोद ठाकुर, शंकर अग्रवाल, रामू शर्मा, पवन अग्रवाल, नाथूलाल अग्रवाल, अर्जुन अग्रवाल महाकाल नन्हे गुप्ता सहित अन्य सदस्य यहां से रवाना होकर वहां सेवा करते है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736




# कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन का किया गया स्वागत

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन मैनपाट में आयोजित भाजपा के चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से झारखंड होते मध्य रात्रि रामानुजगंज पहुंचे। छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश करते ही भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल और नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के मार्गदर्शन में अंतर्राज्यीय बैरियर पर पूर्व पार्षद मुकेश जायसवाल एवं विकास अग्रवाल के नेतृत्व में भव्य आतिशबाजी एवं फूल माला के साथ भव्य स्वागत किया गया।

गौरतलब है की छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा सांसदों विधायकों के लिए तीन दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट में किया गया है जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह समेत प्रदेश के समस्त सांसद विधायकों के सम्मिलित होने का अनुमान है। नितिन नवीन चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से पटना बिहार से झारखंड होते रामानुजगंज पहुंचे थे जहां रात्रि विश्राम के बाद अल सुबह मैनपाट के लिए निकल गए। मध्य रात्रि में भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत से अभिभूत छत्तीसगढ़ पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ की विष्णु देव सरकार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जन भावनाओं के अनुरूप समाज के सभी वर्गों के लिए विकास कार्य हो रहे हैं। हम लोगों ने जो वादा किए थे वादा के अनुरूप कार्यों को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इस दौरान पार्षद सुरेश पुरी, सुमित गुप्ता, अर्जुन दास, सिद्धांत यादव, अश्वनी गुप्ता, अनूप कश्यप, अंकित गुप्ता, मंजय गुप्ता, उमेश पुरी, करण कश्यप, मनजीत कश्यप, पंकज गुप्ता, योगेश केसरी, जयप्रकाश केसरी, संतोष पासवान, साकेत कश्यप, संतोष ठाकुर, धनंजय गुप्ता, संतोष दास, ललन पासवान, ओम गुप्ता, अनिल पुरी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। वही प्रातः पूर्व जिला अध्यक्ष आरके पटेल, कन्हैया लाल अग्रवाल, सुभाष केसरी, सुभाष जायसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता विमलेश सिन्हा, अरुण केसरी, सीताराम गुप्ता, विजय रावत सहित अन्य लोग भी पहुंचे। प्रदेश एवं जिले से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा के साथ सौजन्य मुलाकात किए।

